लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ,

कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक (संख्याः 06/2026) दिनांक 19-05-2026 का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नांकित उपस्थित रहें

1.	प्रो0 जय प्रकाश सैनी, कुलपति	अध्यक्ष
2.	प्रो0 अरविन्द मोहन, संकायाध्यक्ष, कला संकाय	सदस्य
3.	प्रो0 संगीता साहू, संकायध्यक्ष, प्रबन्ध संकाय **(ऑन लाइन माध्यम)**	सदस्य
4.	प्रो0 विवेक सहाय,	सदस्य
5.	प्रो0 मनुका खन्ना **(ऑन लाइन माध्यम)**	सदस्य
6.	प्रो0 बबिता जायसवाल	सदस्य
7.	प्रो0 शिव गोविन्द पुरी	सदस्य
8.	प्रो0 हरिनारायण प्रसाद	सदस्य
9.	प्रो0 मुनेश कुमार	सदस्य
10.	डॉ0 अजय प्रकाश	सदस्य
11.	डॉ0 अलका मिश्रा	सदस्य
12.	डॉ0 सुशील कुमार	सदस्य
13.	डॉ0 मंजुला उपाध्याय, प्रधानाचार्या	सदस्य
14.	डॉ0 भावना मिश्रा, कुलसचिव	पदेन सचिव
15.	श्री विद्या नन्द त्रिपाठी, परीक्षा नियन्त्रक	विशेष आमन्त्रित

बैठक के आरम्भ में कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा माननीय कुलपति एवं समस्त मा0 कार्य परिषद सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात अध्यक्ष/कुलपति जी की अनुमति से कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

बैठक की कार्यवाही

विनिश्चय संख्या 2026/06/01:- डॉ0 परमजीत सिंह, सहायक आचार्य, प्राणि विज्ञान विभाग के प्रकरण पर मा0 कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक दिनांक 18-05-2026 के विनिश्चय संख्या 2026/05/01 में विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली के परिनियम 49 के सेक्शन 8.10 (1) में विहित प्राविधानान्तर्गत प्रकरण की सघन जॉच हेतु गठित अनुशासनात्मक समिति की संस्तुति/आख्या का सीलबंद लिफाफा मा0 कार्य परिषद के समक्ष अग्रेतर कार्यवाही किये जाने हेतु विचारार्थ प्रस्तुत।

डॉ0 परमजीत सिंह, सहायक आचार्य, प्राणि विज्ञान विभाग के प्रकरण पर मा0 कार्य परिषद की बैठक दिनांक 18.05.2025 के विनिश्चय संख्या 2026/05/01 में विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली के सेक्शन 49 के बिन्दु 8.10 (1) में विहित प्राविधानान्तर्गत मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में गठित त्रिसदस्यीय अनुशासनिक समिति की अंतरिम आख्या/संस्तुति का सील बंद लिफाफा सचिव कार्यपरिषद/कुलसचिव द्वारा मा0 कुलपति महोदय की अनुमति से खोलकर अंतरिम आख्या मा0 कार्य परिषद के समक्ष प्रस्तुत की गयी।

Bmish

मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुशासनिक समिति की अंतरिम रिपोर्ट को विचार विमर्श के उपरान्त स्वीकार किया गया। कार्य परिषद द्वारा समिति की संस्तुतियों के अनुरूप डॉ0 परमजीत सिंह, सहायक आचार्य, प्राणि विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किये जाने का निर्णय लिया गया तथा अनुशासनिक समिति द्वारा संस्तुत आरोप पत्र पर भी अनुमोदन प्रदान करते हुए अग्रेतर कार्यवाही हेतु कुलसचिव को निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद की अनुमति से कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा समस्त मा0 कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

Bmisla

कुलसचिव

अनुमोदित

19/5/26

कुलपति